अक्टूबर 2022 : पृष्ठ संख्या 14

# माटी रौ सन्देश

**प्रवासी राजस्थानियों को अपनी माटी से जोड़े रखने का अनुपम प्रयास**

**राजस्थान फाउण्डेशन पत्रिका**



## राजस्थान फाउण्डेशन

Rajasthan Foundation
Connecting Non-Resident Rajasthanis

**राजस्थान खुशहाली के पथ पर अग्रसर**



Invest Rajasthan
7-8 Oct 2022 > JAIPUR
Committed. Delivered.

# प्रदेश रौ बुलावो



राजस्थान सरकार द्वारा 7 व 8 अक्टूबर 2022 को राजधानी जयपुर में आयोजित होने वाले 'इन्वेस्ट राजस्थान' निवेश सम्मेलन के लिए राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमण्डल ने देश–विदेश के विभिन्न शहरों जैसे दिल्ली, मुम्बई, बैंगलोर, चैन्नई, कोलकाता व दुबई का दौरा किया। इस निवेश सम्मेलन में निवेशकों के साथ–साथ प्रवासी राजस्थानी जो देश और दुनिया में बसे हुए हैं जयपुर आएंगे और नई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।





श्री अशोक गहलोत
माननीय मुख्यमंत्री एवं
अध्यक्ष, राजस्थान फाउण्डेशन

## संदेश

मुझे प्रसन्नता है कि प्रवासी राजस्थानियों के साथ रिश्ते–नातों को मजबूत करने की सोच के साथ वर्ष 2001 में राजस्थान फाउण्डेशन के माध्यम से शुरू किया गया सफर आज दुनिया के हर कोने में बसे प्रवासी बंधुओं तक अपनी पहुँच बना रहा है।

आपके द्वारा कोरोना काल एवं उसके बाद यूक्रेन संकट में किए गए सहयोग से प्रदेश आपका सदैव आभारी है। मैं आशा करता हूँ कि प्रवासी बंधु अपनी मातृभूमि की गौरवशाली परम्पराओं को साथ लेकर राजस्थान से अपने सामाजिक सरोकारों और भावनात्मक संबंधों को इसी तरह प्रगाढ़ करते रहेंगे।

यह सराहनीय है कि राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों से राज्य के कोने–कोने के प्रवासी देश और दुनिया की विभिन्न जगहों से राजस्थान से सीधे तौर पर जुड़ कर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में भागीदार बन रहे हैं।

मुझे यह भी जानकर प्रसन्नता है कि तीसरी और चौथी पीढ़ी के युवा भी अपनी मातृभूमि की संस्कृति से निरन्तर जुड़ रहे हैं।

मैं सभी प्रवासी राजस्थानी भाई–बहनों को प्रदेश की गौरवमयी संस्कृति को संयोजित रखने एवं आपसी सद्भाव को और मजबूत रखने की अपेक्षा के साथ अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।



श्रीमती शकुंतला रावत
उद्योग मंत्री

## संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता है कि देश विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानी समुदाय तथा राजस्थानी Diaspora को राजस्थान फाउण्डेशन एवं राज्य की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराने हेतु न्यूज़लेटर का प्रकाशन किया जाता रहा है।

राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा समय–समय पर सांस्कृतिक और विभिन्न प्रकार के आयोजनों से प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाकर हमारी संस्कृति भाषा और संस्कारों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जो सराहनीय है।

मैं राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा प्रकाशित "न्यूज़लेटर" के सफल प्रकाशन हेतु अपनी ओर से अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।



**श्री धीरज श्रीवास्तव**
**आयुक्त**

## संदेश

प्रिय प्रवासी,

राजस्थानियों को अपनी माटी से जोड़ने और समस्त विश्व में बसे प्रवासियों की एकता की बागडोर संभाले राजस्थान फाउंडेशन आपके सहयोग और प्रयासों से निरंतर आगे बढ़ रहा है। राजस्थान फाउण्डेशन पिछले गत वर्षो से अपने प्रवासियों से लगातार संपर्क में रहकर नये आयाम स्थापित कर रहा है। आज राजस्थान फाउण्डेशन एक विशाल परिवार बन चुका है। हम सदा खुशियाँ तो एक साथ मिलकर मनाते ही हैं पर मुश्किल घड़ी में भी एक दूसरे का साथ निभाते हैं। आप ही के सहयोग के कारण हमने कई विपदाओं का मिलकर सामना किया है फिर वो कोरोना काल हो या यूक्रेन में युद्ध की स्थिति के कारण राजस्थानियों को सकुशल अपने प्रदेश वापस लाना हो या फिर विदेश में अपने साथी प्रवासियों की मदद करना हो, राजस्थान सरकार और फाउण्डेशन सदैव अपने प्रवासियों के लिए कार्यरत हैं।

मुझे अपने इस परिवार पर गर्व है जो अपनी मातृभूमि और परम्पराओं से मूल रूप से जुड़े हुए हैं और आने वाली पीढ़ी को भी इन्ही संस्कारों के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। राजस्थानियों के संस्कार, लगन और मेहनत ही है जो अपनी मातृभूमि से दूर रहकर भी अपने देश और प्रदेश की गरिमा को विदेशी धरती पर गौरवान्वित किये हुए है। यही कारण है कि राजस्थानियत आज देश और दुनिया के कोने-कोने में अपनी पहचान बना चुकी है।

मुझे आप सभी से यह साझा करते हुए हर्ष है कि आने वाले कुछ ही दिनों में आप सभी को और मजबूती से अपने प्रदेश से जोड़ने के लिए राजस्थान फाउण्डेशन अपनी वेबसाइट का प्रमोचन करने जा रहा है। आप सभी को अपने प्रदेश और दुनिया में बसे राजस्थानियों एवं सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी एक ही बटन पर उपलब्ध होगी।

मैं मेरे समस्त प्रदेश वासियों और प्रवासियों को धन्यवाद् देता हूँ जिनके सहयोग से हम आज इस मुकाम तक पहुँच पाये हैं और आशा करता हूँ कि आप सभी इसी भावना और निष्ठा के साथ अपने प्रदेश से जुड़े रहेंगे और अपने प्रदेश की प्रगतिशीलता में भागीदार बनेंगे।

"…give you this assurance that by setting up an industry in Rajasthan, you will get all the facilities that an industrialist needs."

**Mr. Shanti Kumar Dhariwal**
Hon'ble Minister for UDH
Government of Rajasthan

"DMIC is connecting Rajasthan with other big markets of the country."

**Smt Shankuntla Rawat**
Hon'ble Minister of Industries
Government of Rajasthan

"The main Industrial needs - the land, uninterrupted power and the most important is the skilled labor are plenty in Rajasthan. There is potentiality & big opportunities in the state."

**Mr. Suresh K Poddar**

"Rajasthan has attracted the whole world towards it. Today Rajasthan is developing as an industry hub in the country due to efforts of Hon'ble Chief Minister."

**Mr. Ramlal Jat**

"Land will be available in each block and district at cheaper rates for investors to invest in Rajasthan."

**Shri Parsadi Lal Meena**
Hon'ble Minister for Medical & Health
Government of Rajasthan

"Rajasthan has implemented Single Window Act in the state, so that the entrepreneurs setting up industries there do not face any kind of trouble. This will not only benefit the country and the state, but also the entrepreneurs."

**Mr. Pratap Singh Khachariyawas**

"The state's infrastructure, industry policy, ease of doing business, tourism policy, in every field, Rajasthan today stands at the forefront of the country."

**Dr. Subhash Garg**

"The USP of Rajasthan is a clear roadmap for the future and commitment of state leadership for its implementation"

**Mr Kuldeep Ranka**

"Capital costs to start a business in Rajasthan is very low as compared to other states in the country."

**Mr. Abhinav Banthia**

"What god has given us nobody can take, with the **20% of Renewable Energy potential makes us no. 1 in the country.** We are Renewable Energy state of the country"

**Dr. Subodh Agarwal**

"Rajasthan has emerged as one of India's most prominent and developing investment destinations."

**Mr Dhiraj Srivastava**

"Saint Gobain has had the best of experience in the state. We went to Rajasthan based on the availability of power, labor and minerals."

**Mr. Eisenhower Swaminathan**

"Bureau of Investment Promotion (BIP) is investors' voice. We always speak to Govt of Rajasthan on your behalf."

**Ms Archana Singh**

"Rajasthan has a transparent, dependable and responsive system to the investor community."

**Ms Shubhra Singh**

"Companies who invested in Rajasthan have always made further investment because of the hospitality, and great investment climate."

**Mr. Sudhansh Pant**

"Wipro had an extremely positive & productive approach with Govt. of Rajasthan"

**- Mr. Prasenjit Lahiri**

"Rajasthan is Power **surplus** State with the highest potential for **solar energy.**"

**Ms Rukmani Riar**

"What makes **Invest Rajasthan** unique is that a large number of projects will see ground-breaking and inauguration on the day of the Summit."

**-Mr Ashutosh A T Pednekar**

Invest Rajasthan
7-8 Oct 2022 › JAIPUR
Committed. Delivered.





# Rs. 10.45+ Lakh Crore
## Investment Commitment

## Invest Rajasthan 2022

COMMITTED to collaborative development, Rajasthan invites the global business community for a win-win partnership.

**Invest Rajasthan** is State's active investor outreach program comprising domestic, national and international investor meets, embassy connect programs and virtual seminars. The program aims at soliciting investment proposals, processing them on a mission mode and taking them to fruition. Invest Rajasthan 2022 Summit being organised on 7th and 8th of October, 2022 in Jaipur has been conceived as a major milestone event in this campaign. It will mark fructification of investment proposals in the form of inauguration of completed projects and ground breaking for upcoming investments. The Summit will also be a platform for beginning of new investments and partnerships. To be attended by luminaries from the business world, development organisations, professionals, policy makers and senior Government officials, the Summit will be an ideal platform for valuable deliberations for charting a course for balanced and sustainable socio-economic development of the State. You are cordially invited to be a part of Invest Rajasthan and to witness the promise of a prosperous future being DELIVERED.






# राजस्थान उत्सव

2022



Vintage Car Rally

राजस्थान स्थापना दिवस 30 मार्च के उपलक्ष में बीकानेर हाउस नई दिल्ली में राजस्थान उत्सव का आयोजन किया गया, राजस्थान फाउण्डेशन की और से विंटेज कार रैली, चंग नृत्य कार्यक्रम एवं कठपुतली बनाने की कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

राजस्थान फाउण्डेशन के आयुक्त श्री धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि 30 मार्च राजस्थान के इतिहास मे बड़ा ऐतिहासिक महत्व का दिन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की मंशा के अनुरूप हम ऐसे राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राजधानी में स्थित बीकानेर हाउस को विश्वस्तरीय सांस्कृतिक केन्द्र बनाना चाहते हैं।



Bikaner House, New Delhi




Chang Nritya


चंग लोक नृत्य राजस्थान का का प्रसिद्ध लोकनृत्य है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र (चूरु, झुंझुनू, सीकर जिला) व बीकानेर जिला इसके प्रमुख क्षेत्र हैं। यह पुरुषों का सामूहिक लोकनृत्य है। इसका आयोजन होली पर्व पर होता है और महाशिवरात्रि से लेकर होली तक चलता है। इस लोकनृत्य में खुले स्थान में प्रमुखतः चंग नामक वाद्ययंत्र के साथ शरीर की गति या संचालन, नृत्य या तालबद्ध गति के साथ अभिव्यक्त किया जाता है। इस लोकनृत्य की अभिव्यक्ति इतनी प्रभावशाली होती है कि चंग पर थाप पड़ते ही लोगों को चंग पर लगातार नाचने व झूमने पर मजबूर कर देती है। चंग लोकनृत्य में गायी जाने वाली लोकगायकी को धमाल के नाम से जाना जाता है।

# राजस्थान उत्सव 2022

राजस्थान स्टूडियो के सहयोग से मास्टर कलाकार पप्पू भट के साथ क्यूरेटेड कठपुतली–निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रवासियों ने कठपुतली बनाना सीखा। कार्यक्रम की शुरआत कला एवं संस्कृति मंत्री श्री बी.डी.कल्ला जी ने की एवं स्वयं कठपुतली बनाना सीखा। कार्यशाला में जर्मनी से श्रीमती ज्योति जोशी अपनी सुपुत्री रुशील जोशी के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सम्मिलित हुई एवं स्वयं कठपुतली बनाकर सब को दिखाया भी। कार्यक्रम में दिल्ली प्रिंसिपल रेजिडेंट कमिश्नर श्रीमती शुभ्रा सिंह एवं कमिश्नर राजस्थान फाउण्डेशन श्री धीरज श्रीवास्तव भी सम्मिलित हुए ।









मास्टर कलाकार पप्पू भट



श्रीमती ज्योति जोशी अपनी सुपुत्री रुशील जोशी के साथ

## राजस्थानी फैशन शो

राजस्थान फाउण्डेशन एवं रूमा देवी फाउण्डेशन द्वारा राजस्थानी फैशन शो का भी आयोजन किया गया। बीकानेर हाउस, नई दिल्ली में आयोजित हुए इण्डिया स्टाईल फैशन वीक में फैशन डिजाईनर डॉ. रूमा देवी के साथ ग्रामीण क्षेत्र से आए दस्तकारों ने लाईव डेमोस्टेशन के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया इसमें एप्लीक वर्क, एम्ब्रोयडरी वर्क, अजरक प्रिन्ट सहित विभिन्न प्रकार की अलग–अगल तस्कारी कलाओं से तैयार उत्पादों का माडल्स के साथ रैंप पर शानदार प्रदर्शन किया गया।













# प्रवासी राजस्थानियों के साथ मनाया कजली तीज का त्यौहार

राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा नई दिल्ली में ग्लोबल प्रवासी तीज सेलीब्रेशन 2021 का ऑनलाईन आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम कजली तीज के उपलक्ष्य में रखा जिसे लगभग 50 देशों के प्रवासी राजस्थानी महिलाओं ने एक साथ मनाया।



कलनिका सक्सेना, नीदरलैंड




आयुषी पुरावत वत्स, कनाडा




रूपा भंडारी, युगांडा

इस आयोजन में दुनिया के कई देशों जैसे यू.के., ऑस्ट्रेलिया, इजीप्ट, कनाडा, नीदरलैंड, जापान, दुबई, केन्या, युगांडा, जर्मनी, अमेरिका आदि से प्रवासी राजस्थानी जुड़े। राजस्थान की कला और संस्कृति की अपनी अलग ही पहचान है। यहाँ के तीज त्यौहारों को सभी लोग बहुत धूम-धाम से मनाते है। और इसी का परिणाम है कि हमारे प्रवासी राजस्थानी जो कि अपनी मिट्टी से कोसों दूर होते हुए भी राजस्थान फाउण्डेशन के मंच के माध्यम से दुनिया के कोन-कोने से जुड़कर तीज के त्यौहार को एक साथ मना रहे हैं। ये हम सभी के लिए गर्व की बात है।

आयुक्त श्री धीरज श्रीवास्तव ने *Delphic council of Rajasthan* की अध्यक्षा और वन एवं पर्यावन विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती श्रेया गुहा को धन्यवाद देते हुए कहा कि वीणा कैसेट और राजस्थान फाउण्डेशन की सहभागिता की वजह से मशहूर कत्थक नर्तकी मनीषा गुलयानी जी की प्रस्तुति देखने को मिली, जिसे प्रवासियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में राजस्थान की वीणा कैसेट के संस्थापक श्री के.सी. मालू ने राजस्थान में तीज के महत्व पर रोशनी डाली और सभी प्रवासी राजस्थानी महिलाओं को शुभकानाएँ दी।




गायिका सुप्रिया



ममता पुरावत, सिंगापुर




स्वाती एवं प्रीती, यूगांडा



# यूक्रेन से लौटे राजस्थनियों के लिए राजस्थान फाउण्डेशन बना सेतु

24 फरवरी 2022 को रूस एवं यूक्रेन के मध्य युद्ध प्रारम्भ होने की वजह से यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे लगभग 1008 राजस्थानी छात्र-छात्राएं वहाँ फंस गए। रूस द्वारा यूक्रेन के एयरपोर्ट्स को टारगेट करने की वजह से इन छात्र-छात्राओं का वहाँ से निकल कर भारत आना कठिन था। फंसे हुए भारतीयों को निकालने के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन गंगा की शुरुआत की। सभी भारतीय छात्र-छात्राओं को यूक्रेन के बॉर्डर देशों जैसे की पोलैंड, रोमानिया, हंगरी, स्लोवाकिया लाने की कवायद प्रारम्भ की गयी जिससे उन्हें वहाँ से एयरलिफ्ट किया जा सके।



माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार राजस्थान फाउण्डेशन को विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावास यूक्रेन इत्यादि से संपर्क बनाये रखने एवं इन राजस्थानी छात्र-छात्राओं की हरसंभव सहायता करने के लिए नोडल विभाग बनाया गया। राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा विदेश मंत्रालय एवं दूतावास द्वारा समय-समय पर जारी गाइडलाइन्स के अनुसार इन बच्चों को गाइड किया गया एवं इनकी सहायता के लिए पड़ोसी देशों में बसे प्रवासी राजस्थानीयों की भी सहायता ली गई। प्रवासी राजस्थानियों ने इनके भोजन, ठहरने इत्यादि की हर संभव सहायता की। छात्रों को रिसीव करने के लिए दिल्ली, मुंबई, हिंडन एयरबेस इत्यादि पर हेल्प डेस्क बनायी गयी एवं स्वयं राजस्थान से माननीय मंत्री श्री सुभाष गर्ग, श्रीमती शकुंतला रावत, श्रीमती ममता भूपेश, श्री टीकाराम जूली, चीफ रेजिडेंट कमिश्नर श्रीमती शुभ्रा सिंह, कमिश्नर राजस्थान फाउंडेशन श्री धीरज श्रीवास्तव उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यूक्रेन से पौलेंड पहुँचे राजस्थानी छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। इन्हें सुरक्षित पौलेंड पहुँचाने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानी उद्यमी श्री अमित लाठ और श्री अशोक सेवक रामानी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आप सब आगे बढ़कर इस नेक काम में सहयोग कर रहे हैं। चीफ रेजिडेंट कमिश्नर एवं जिला प्रशासन की सहायता से सभी यूक्रेन से लौटने वाले छात्र-छात्राओं को उनके घर तक राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा पहुंचाया गया। युद्ध के हालात के मद्देनज़र जो लोग स्वयं के खर्चे पर यूक्रेन से भारत लौटे, उनको भी यात्रा के टिकट की राशि का पुनर्भरण राजस्थान सरकार द्वारा किया गया ।


Ashok Gehlot @ashokgehlot51 · Feb 26
यूक्रेन और रूस के बीच बने युद्ध के हालात के दौरान विदेश मंत्रालय की एडवाइजरी के बाद निजी खर्च से वतन वापस आने वाले राजस्थानियों के टिकट की राशि का पुनर्भरण (reimbursement) किया जाएगा।
610 3,004 16.1K

Ashok Gehlot @ashokgehlot51 · Feb 26
दिल्ली, मुंबई तथा अन्य एयरपोर्ट्स पर आने वाले राजस्थानियों को घर तक पहुंचाने की सुविधा राजस्थान सरकार द्वारा करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए राजस्थान फाउंडेशन को-ऑर्डिनेट करेगा।
120 1,048 5,053














# "दास्ताँ- ए- बहादुरी"

राजस्थान की मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने Woman's Day के उपलक्ष में यूक्रेन से लौटी राजस्थानी छात्राओं से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद किया एवं उनकी कुशलक्षेम जानी। यूक्रेन में जिन विषम परिस्थितियों में भी इन छात्राओं ने हार नहीं मानी एवं जिस बहादुरी के साथ संयम रखकर ये छात्रायें स्वदेश लौटी हैं वह तारीफ के काबिल था। इसलिए इनके लिए राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा "दास्ताँ ए बहादुरी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव महोदया ने स्वयं इनसे बात कर इनकी हिम्मत बढ़ायी और निकट भविष्य में भी राज्य सरकार से हरसंभव सहायता करने के लिए आश्वस्त किया।



# " मिलिए सरकार से "





Minister Shanti Dhariwal

राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा एक अनूठी वर्चुअल श्रृंखला ''मिलिए सरकार से'' की शुरुआत की गई जिसमें देश–विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानी राज्य सरकार के मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों से सीधी वार्ता कर सकेंगे। इस श्रृंखला में सर्वप्रथम राजस्थान के नगरीय विकास एवं आवासीय मंत्री श्री शांति धारीवाल ने प्रवासियों से वार्तालाप की एवं राज्य सरकार के विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## प्रवासी डॉक्टर द्वारा अनोखी पहल "DORI- Dost Programme"



प्रवासी डॉक्टर्स की संस्था ''डोरी'' द्वारा एक अनूठी श्रृंखला डोरी दोस्त की शुरआत की गयी, जिसके अंतर्गत वे राजस्थान के मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में सहायता करेंगे। इसी श्रृंखला में यूनाइटेड किंगडम से आयी प्रवासी डॉक्टर कुसुम नाथावत ने राजस्थान फाउंडेशन एवं SMS मेडिकल कॉलेज के सहयोग से ''लाइफ ऑफ़ ए डॉक्टर'' वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप के जरिए जयपुर की 7 निजी और सरकारी स्कूलों में मेडिकल के क्षेत्र में दिलचस्पी रखने वाले छात्रों की काउंसलिंग कर, उन्हें नीट की तैयारी एवं विभिन्न छात्रवृत्तियों के बारे में बताया। कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा के क्षेत्र में छात्रों में जागरूकता बढ़ाना और उनके भविष्य की प्रारंभिक योजना तैयार करना है। वर्कशॉप का समापन तत्कालीन माननीय चिकित्सा मंत्री श्री रघु शर्मा द्वारा किया गया।


अमेरीकी दूतावास के डेलिगेशन के साथ


JITO, Pune


JITO, Dubai


इंद्रधनुष आर्ट शो, दुबई


दीपोत्सव, दुबई


RBPG दुबई द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह


महाराणा प्रताप पुरस्कार समारोह, दुबई

# राजस्थान फाउण्डेशन के यादगार पलों की झलकियाँ


इन्वेस्ट राजस्थान रोड-शो, कोलकाता


ऑस्ट्रेलिया दूतावास डेलिगेशन के साथ


प्रवासी राजस्थानियों से मुलाकात


BSE मुम्बई


दुबई में स्वागत


श्री हर्ष नेवटिया के साथ


श्याम भाटिया क्रिकेट म्यूजियम, दुबई


प्रवासी राजस्थानियों से मुलाकात


राजस्थान सरकार का दुबई डेलिगेशन


श्री प्रवीण मेहता के साथ

# अखबारों की सुर्खियों में राजस्थान फाउण्डेशन

## 'राजस्थान फाउंडेशन ने किया प्रवासी बच्चों को संस्कृति से जोड़ने का अनूठा प्रयास'

...हमें बताया गया है कि वे चाहते हैं कि नई पीढ़ी भी अपने प्रदेश की संस्कृति को जाने इसलिए हमने बच्चों को उनकी माटी की लोककथा सुनाने का एक अनूठा प्रयास किया है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में करीब 150 बच्चे ऑनलाइन रूम से ...

इस अवसर पर आयुक्त ने ऑनलाइन बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की लोककथाएं देश विदेश में बहुत ही मशहूर हैं, उन्ही में से एक लोककथा व बिज्जी की कहानियां घर घर में जानी जाती है उनमे से एक कहानी हम बच्चो को सुना रहे हैं।

... लोक देवताओं पर विस्तृत अनुसन्धान किया। कार्यक्रम में प्रवासी परिवारों को यह जानकारी दी गई। यह बच्चों को राजस्थान की ऐसी अनूठे तरीके से एक झलक देना उनकी जिज्ञासा को प्रेरित करने का प्रयास है।

कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया, दुबई, ... और ... लिया।

## More NRI docs to offer teleconsultation in Raj

Jaipur: The Rajasthan Foundation has decided to expand its ongoing service to help citizens have free tele-consultation with doctors settled abroad, an official said.

In the initiative started on May 14 by the foundation in collaboration with Doctors of Rajasthan International (DORI) during the second wave of COVID-19, doctors from the state, who are settled abroad, offer their service to patients. "All the doctors are of international repute and they give free consultation to the patients from Rajasthan. We are expanding the service ...

> *We started the service "Call DORI" with 17 doctors on May 14 and in present, 162 specialist doctors based in 22 countries are giving free consultation to Rajasthani people. So far, 71 consultations have been given through the integrated digital platform. WONDRr.*
>
> —Dhiraj Srivastava

being associated with the initiative," Foundation Commissioner Dhiraj Srivastava said. The foundation was set up by the state government to work in the direction of strengthening bonds between Non Resident Rajasthani community and the state of their origin. He said that people in remote areas were getting the benefit of this service. Srivastava said that during the pandemic, Rajasthani diaspora extended helping hand through the foundation and provided large quantities of oxygen concentrators, other equipment, medical oxygen etc.

## यूक्रेन से लौटने वाले प्रवासी राजस्थानियों के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर हेल्पडेस्क

## राजस्थानी छात्रों की सकुशल वापसी गहलोत सरकार की बड़ी उपलब्धिः धीरज श्रीवास्तव

## राजस्थान फाउंडेशन प्रवासी राजस्थानियों के सहयोग से ... सामाजिक सरोकार की परियोजनाओं की शुरुआत

## राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव पहुंचे बेंगलूरु

## एयरपोर्ट पर प्रवासी राजस्थानी कर्नाटक संघ ने किया स्वागत–सत्कार

## मैसूर में रीको की बिजनेस मीट कल

## Delphic, Raj Foundation join hands to push state's art and culture globally

Nirmal Tiwari

Jaipur: The Delphic Council of Rajasthan and Rajasthan Foundation have decided to work together to promote the state's art and culture globally.



Dheeraj Srivastava and Sreya Guha sign an agreement. Also seen are Nishant Jain, Shipra Sharma, Rahul Sood & Naveen Tripathi.

President of Rajasthan Delphic Council and principal secretary of Forest and Environment Department Sreya Guha said on Friday that Dheeraj Srivastava, Commissioner of Rajasthan Foundation, has agreed to work together with Delphic. Guha and Srivastava have signed an agreement in this regard. Guha said the art and culture of Rajasthan will get better recognition at the global level. Srivastava congratulated Guha on the occasion and assured full cooperation from organisation in taking forward art & culture of the state.

## शिक्षा — टांटिया विवि में राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त का सार्वजनिक अभिनंदन

## देश का सिरमौर बन चुका है राजस्थान : धीरज श्रीवास्तव

## इंदिरा रसोई का निरीक्षण किया



## 'लाइफ ऑफ ए डॉक्टर' विषय पर 4 से 16 अक्टूबर तक होगी वर्कशॉप

जयपुर | राजस्थान फाउंडेशन द्वारा 'लाइफ ऑफ ए डॉक्टर' विषय पर आगामी 4 से 16 अक्टूबर तक वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। चिकित्सा क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए वर्कशॉप 5 सरकारी एवं 3 निजी स्कूलों में होगी। फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी।

## विदेशी धरती पर राजस्थानी संस्कृति और खानपान को प्रसिद्धि दिलवाने में प्रवासियों का अमूल्य योगदान

## प्रवासी राजस्थानियों को यहां निवेश के लिए प्रेरित करें: धीरज

... कही। राजस्थान फाउंडेशन आयुक्त ने कहा कि राज्य के विकास में इन प्रवासियों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है, इसके लिए प्रवासी राजस्थानियों को यहां निवेश के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों को उनके योगदान के लिए पर्याप्त मान-सम्मान दिया जाए। आयुक्त ने कोरोना संकट के दौरान राजस्थान फाउंडेशन द्वारा दिए गए 63 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर का भी भौतिक सत्यापन किया। बैठक में श्रम विभाग अधिकारियों ने बताया कि बीकानेर के 50 हजार 602 प्रवासी हैं, जिनमें से 2 हजार 339 कुशल प्रवासी हैं। मीटिंग में कलेक्टर नमित मेहता, अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) बलदेव राम धोजक, अतिरिक्त कलक्टर (नगर) अरुण प्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### गठित हो एनआरआर सेल

## यूक्रेन से लौटे विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए विकल्पों पर विचार

## यूक्रेन में फंसे प्रवासी राजस्थानियों के लिए हेल्पलाइन शुरू

## Govt striving ha... returnees' edu is ...

Sunil Sihag

Sri Ganganagar: Commissioner of Rajasthan Foundation, Dhiraj Srivastava on Monday, said that the state government is sensitive towards the education and future of the medical students, who returned from Ukraine. He said that the government is trying to ensure that their education is not affected.



Dhiraj Srivastava with Ukraine returnee students & their parents at the Collectorate Auditorium in Sri Ganganagar on Monday.

... turned from Ukraine and their parents at the Auditorium of Collectorate at Sri Gnaganagar, Srivastava said that CM Ashok Gehlot has ... itten to the Central ... vernment twice in this regard.

Referring to the government university in ... dova, he said that ... cation and other facilities like Ukraine ... available there.

Ganganagar ...

*govt is considering all the options in this regard. Negotiations are also being held with ...*

## दुबई एक्सपो में राजस्थान सरकार का रोड शो

### राजस्थान फाउंडेशन करेगा अपनी भागीदारी

नई दिल्ली। दुबई में आयोजित होने वाले दुबई एक्सपो में12 से 18 नवंबर 2021 के दौरान राजस्थान सरकार द्वारा देश दुनिया के निवेशकों को आमंत्रित करने तथा राज्य के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रोड शो का आयोजन किया जाएगा।

## एक्सपो में 12-18 नवंबर तक सजेगा राजस्थान पवेलियन

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## यूक्रेन से लौटी छात्राओं के साथ राजस्थान फाउंडेशन ने किया दास्तां- ए- बहादुरी कार्यक्रम का आयोजन

## यूक्रेन से लौटे विधार्थियों की शिक्षा के प्रति राज्य सरकार गंभीर - श्रीवास्तव

## चिकित्सा मंत्री ने किया 'लाइफ ऑफ ए डॉक्टर' वर्कशॉप का समापन



The delegation led by UDH Minister Shanti Dhariwal, Parsadi L... Meena and Arjun Bamniya, along with Dhiraj Srivastava and R... Arora on Monday after signing 17 LOIs and 24 MOUs on behal... Raj government at the ongoing Dubai Expo 2020. Also seen h... is one of the members from the Royal family of Dubai.

## Dubai Expo: State eyes global investments; various MoUs signed

First India Bureau

Jaipur: Rajasthan is celebrating its culture, vibrancy, and industrial growth by participating in Dubai Expo 2020, which is the ground for launch of Rajasthan inv...

**INVESTMENT WORTH ₹37, 828 ...**

During Dubai visit the delegation signed 1... LOIs and 24 MOUs on behalf of the governme... The investment to the tune of about Rs 37,82... crore will create more ...

### बीकानेर हाउस में ग्लोबल ...

साथ-साथ दुबई एक्सपो में शामिल होने गए राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव के उद्बोधन भाषण से हुई। नई दिल्ली के बीकानेर हाउस ...

## बीकानेर हाउस पर चंग नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति ने प्रवासी राजस्थानियों का मन मोहा

जयपुर। राजस्थान ... दिवस सेलिब्रेशन के तहत ... शाम को नई दिल्ली स्थित ... हाउस के चांदनी बाग पर ... चंग नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति ... राजस्थानियों का मन मोह लिया। राजस्थान फाउंडेशन ... और राजस्थान स्टूडियो की ओर से आयोजित इस सांस्कृतिक आयोजन में राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र के प्रसिद्ध लोक गायक कलाकार गणेश खिची और साथी कलाकारों ने धमाकेदार प्रस्तुति दे कर ... कृष्णमय बना दिया। ...

## राजस्थान फाउंडेशन का पहल: पहली कड़ी में मंत्री धारीवाल हुए प्रवासियों से रू-ब-रू

## प्रवासियों को अपनी मिट्टी से जोड़ने के लिए 'मिलिए सरकार से' कार्यक्रम शुरू

### यह कार्यक्रम एक मजबूत प्रयास

## यूक्रेन में पढ़ रहे राजस्थानी छात्र दिल्ली और जयपुर पहुंचे

Hope you likes our effortd of bringing
our people together & keeping the tradition alive.

We welcome your suggestions and Feedback.

Rajasthan Foundation
Connecting Non-Resident Rajasthanis

## Global Pravasi Associations: Our Partners


Jaipur Office: Yojana Bhawan, Yudhisthir Marg, C-SchemeJaipur 302005,; Phone:0141-2229111, 2222671
Delhi Office: Bikaner House, Pandara Road, New Delhi-110003; Phone: 011-23070807
Email: rajfound-rj@nic.in, rajfoundation@rajasthan.gov.in


RajasthanFoundationRF rajfound_rj RajFound